भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या** :87
गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

## नए विमानपत्तनों का निर्माण

**87. श्री डी. एम. कथीर आनन्द:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने देश में नए विमानपत्तनों के निर्माण और वर्तमान विमानपत्तनों के विस्तार के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए हैं;
(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान विमानपत्तन और वर्ष-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने देश में विमानपत्तनों के निजीकरण के संबंध में कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विमानपत्तनों के विक्रय से कितनी धनराशि प्राप्त होने की संभावना है;
(घ) निजी कंपनियों को दिए गए विमानपत्तनों और इनमें से प्रत्येक से विगत पांच वर्षों के दौरान हुई आय का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा देश में नए विमानपत्तनों के निर्माण और वर्तमान विमानपत्तनों के विस्तार पर खर्च की गई धनराशि की पूर्ण वसूली के लिए क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))**

(क) और (ख): वर्ष 2019-20 से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) तथा संबंधित राज्य सरकारों/हवाईअड्डा विकासकर्ताओं द्वारा नये हवाईअड्डों के निर्माण तथा मौजूदा हवाईअड्डों के निर्माणकार्यों को पूरा करने हेतु किए गए व्यय का विवरण अनुबंध-क पर मौजूद है।

(ग): नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन (एनएमपी) के अनुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 25 हवाईअड्डे नामत: भुवनेश्वर, वाराणसी, अमृतसर, त्रिची, इंदौर, रायपुर, कालीकट, कोयम्बतूर, नागपुर, पटना, मदुरै, सूरत, रांची, जोधपुर, चेन्नै, विजयवाड़ा, वडोदरा, भोपाल, तिरुपति, हुबली, इम्फाल, अगरतला, उदयपुर, देहरादून तथा राजामुन्दरी को, 10782 करोड़ रुपये की आगत को देखते हुए, वर्ष 2022 से 2025 के दौरान पट्टे पर दिए जाने के लिए निर्धारित किया गया है। तथापि, सरकार को प्राप्त होने वाली आगत का निश्चित मूल्य लेनदेन के समय, बाजार की स्थिति, निवेशकों की इच्छा, लेनदेन की शर्तों आदि सहित अनेक कारकों पर निर्भर करता है।
(घ) एवं (ङ): एएआई ने दीर्घकालीन पट्टा आधार पर, अपने आठ हवाईअड्डों नामत: दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, गुवाहाटी, जयपुर, लखनऊ, मैंगलूर और तिरुवनंतपुरम को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए पट्टे पर दिया है।

इनमें से दिल्ली तथा मुंबई हवाईअड्डों की सुपुर्दगी 2006 में की गई थी। पिछले पांच वर्षों अर्थात 2017-18 से 2021-22 के दौरान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दिल्ली हवाईअड्डे से लगभग 5500 करोड़ रुपये तथा मुंबई हवाईअड्डे से 5174 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया है।

हाल ही में पीपीपी के अंतर्गत अवार्ड किए गए 06 हवाईअड्डों अर्थात मैंगलुरू, लखनऊ, अहमदाबाद, गुवाहाटी, जयपुर तथा तिरुवनंतपुरम को क्रमशः 31.10.2020, 02.11.2020, 07.11.2020, 08.10.2021, 11.10.2021 तथा 14.10.2021 को रियायतग्राहियों के सुपुर्द कर दिया गया हैं। दिसंबर 2022 तक इन छह हवाईअड्डों से के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लगभग 824 करोड़ रुपये का रियायत शुल्क प्राप्त कर चुका है। इसके अलावा, एएआई को भी इन हवाईअड्डों पर, अपने द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय के लिए अग्रिम शुल्क के रूप में लगभग 2349 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

भारत सरकार ने देश के प्रमुख हवाईअड्डों पर प्रदान की जाने वाली वैमानिकी सेवाओं के संबंध में किराया निर्धारित करने के लिए, ऐरा अधिनियम, 2008 के तहत भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) नामक एक स्वतंत्र विनियामक की स्थापना की है।

ऐरा, यातायात अनुमानों, निवेश पर प्रतिफल की उचित दर और पांच वर्ष की दी गई नियंत्रण अवधि के लिए प्रचालन और रखरखाव लागत को पूरा करने के प्रावधानों के आधार पर वैमानिकी शुल्क निर्धारित करता है।

******

दिनांक 02.02.2023 को दिए जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 87 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

अनुबंध-क

I. 2019-20 से एएआई द्वारा पूरे किए गए प्रमुख अवसंरचना निर्माण कार्य (15 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले)

| क्र.सं. | राज्य | हवाईअड्डा | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रुपये में) | पूरा होने की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | गोरखपुर | गोरखपुर में नए यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण (चरण- I और II) | 22.34 | अप्रैल-19 |
| 2 | अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर | वीएसआई हवाईअड्डा, पोर्ट ब्लेयर में कंक्रीट फुटपाथ की विशेष मरम्मत | 16.92 | अप्रैल-19 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | विजयवाड़ा हवाईअड्डे पर रनवे का विस्तार और सुदृढ़ीकरण | 144.93 | मई-19 |
| 4 | मणिपुर | इंफाल | रनवे का सुदृढ़ीकरण और री-कारपेटिंग और टैक्सीवे की मुख्य मरम्मत। | 57.71 | मई-19 |
| 5 | पंजाब | अमृतसर | एसजीआरडीजे अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर टर्मिनल बिल्डिंग की पहली मंजिल पर आंतरिक कार्य | 18.60 | जून-19 |
| 6 | उत्तर प्रदेश | इलाहाबाद | नये सिविल एन्क्लेव का विकास | 164.07 | जून-19 |
| 7 | असम | डिब्रूगढ़ | डिब्रूगढ़ हवाईअड्डे पर रनवे का विस्तार, आइसोलेशन बे, लिंक टैक्सीवे का निर्माण और संबद्ध कार्य | 59.85 | जून-19 |
| 8 | त्रिपुरा | अगरतला | त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर नए आइसोलेशन बे और संबद्ध लिंक टैक्सी ट्रैक का निर्माण। | 18.42 | अक्टूबर-19 |
| 9 | असम | रूपसी | रूपसी हवाईअड्डे, असम का विकास और प्रचालन | 63.36 | अक्टूबर-19 |
| 10 | कर्नाटक | बैंगलोर | केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास देवनहल्ली में एएआई आवासीय कॉलोनी का निर्माण | 90.44 | दिसंबर-19 |
| 11 | राजस्थान | उदयपुर | एप्रन, लिंक टैक्सी का निर्माण एवं आइसोलेशन बे का विस्तार। | 35.57 | दिसंबर-19 |
| 12 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | कोल्हापुर हवाईअड्डा, कोल्हापुर में कंपाउंड वॉल का निर्माण | 19.25 | जनवरी-20 |
| 13 | गोवा | गोवा | डाबोलिम हवाईअड्डे, गोवा में समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण | 187.89 | फरवरी-20 |
| 14 | राजस्थान | जयपुर | जयपुर इंटरनेशनल हवाईअड्डा, जयपुर में मौजूदा टर्मिनल बिल्डिंग का विस्तार/संशोधन। | 32.47 | फरवरी-20 |
| 15 | छत्तीसगढ | रायपुर | एटीसी सह तकनीकी ब्लॉक का निर्माण। | 54.80 | जुलाई-20 |
| 16 | झारखंड | रांची | बीएम हवाईअड्डे, रांची में तकनीकी ब्लॉक और एटीसी टॉवर का निर्माण। | 18.93 | जुलाई-20 |
| 17 | केरल | त्रिवेन्द्रम | त्रिवेंद्रम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, त्रिवेंद्रम में एनआईटीबी के पास अतिरिक्त एप्रन और जीएसई क्षेत्र का निर्माण | 26.67 | अगस्त-20 |
| 18 | राजस्थान | जयपुर | जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मौजूदा रनवे 09-27 का ग्रेड सुधार | 20.12 | सितंबर-20 |
| 19 | गुजरात | अहमदाबाद | घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल बिल्डिंग के लिए एप्रन का निर्माण | 45.72 | सितंबर-20 |
| 20 | उत्तराखंड | देहरादून | अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण। | 17.69 | नवंबर-20 |
| 21 | त्रिपुरा | अगरतला | बेसिक स्ट्रिप के साथ सुरक्षा अवसंरचना का उन्नयन। | 26.97 | दिसंबर-20 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | झारखंड | बोकारो | विस्तारणीय कम लागत वाली टर्मिनल बिल्डिंग, कंट्रोल टावर, ईएसएस बिल्डिंग और वॉच टावर्स का निर्माण। | 25.45 | दिसंबर-20 |
| 23 | पंजाब | चंडीगढ़ | 5 4सी टाइप कोड विमानों के लिए लिए एप्रन का निर्माण। | 26.65 | Dec-20 |
| 24 | राजस्थान | जयपुर | जयपुर हवाईअड्डे पर कार्गो बिल्डिंग का निर्माण। | 22.80 | फरवरी-21 |
| 25 | तमिलनाडु | चेन्नई | चेन्नई हवाई अड्डे पर रनवे 12-30 को जोड़ने वाले 'आर' और 'एन' टैक्सी ट्रैक का निर्माण। | 58.79 | मार्च-21 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | कुशीनगर | कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आंतरिक टर्मिनल भवन का निर्माण। | 27.20 | मार्च-21 |
| 27 | तमिलनाडु | मदुरै | मदुरै हवाईअड्डे पर एप्रन और संबद्ध कार्यों का विस्तार। | 25.71 | अप्रैल-21 |
| 28 | तेलंगाना | हैदराबाद | बेगमपेट हवाईअड्डा, हैदराबाद में मौजूदा टर्मिनल बिल्डिंग में एटीएम प्रशिक्षण सुविधाओं, एसएमयू, कैलिब्रेशन लैब और आरएंडडी सेंटर के प्रावधान में संशोधन। एसएचः आंतरिक, बाहरी विद्युत कार्यों सहित आंतरिक और सिविल कार्य, बिजली और डेटा सर्किट के लिए केबल प्रबंधन प्रणाली और फायर अलार्म और अग्निशामक यंत्रों का एसआईटीसी। | 23.24 | अप्रैल-21 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | बरेली | बरेली में सिविल एन्क्लेव का विकास। | 96.97 | मई-21 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | सेकेंडरी रनवे की रीसर्फेसिंग। | 37.12 | जून-21 |
| 31 | गुजरात | दीव | रनवे का विस्तार, रनवे और टैक्सीवे का पुनरुत्थान, आइसोलेशन बे का निर्माण | 40.38 | जून-21 |
| 32 | गुजरात | दीव | दीव हवाईअड्डे पर एटीसी टॉवर-सह-तकनीकी ब्लॉक सह फायर स्टेशन और अन्य संबद्ध अवसंरचनाओं का निर्माण। | | जुलाई-21 |
| 33 | पंजाब | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ एयरफील्ड में टैक्सीवे एच के साथ रनवे 29 के प्रारंभ में टैक्सी लिंक से जुड़ने वाले दक्षिणी टैक्सी मार्ग का निर्माण। | 19.29 | जुलाई-21 |
| 34 | राजस्थान | जयपुर | 7 कोड "ई" विमान (वैकल्पिक रूप से 13 "4सी' प्रकार के विमान अर्थात ए321-200) की पार्किंग के लिए मुख्य एप्रन के पूर्वी क्षेत्र में एप्रन का निर्माण तथा जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, जयपुर में संबंधित कार्यों सहित टाइप "सी" प्रकार के विमान के लिए टैंगो टैक्सी के दोनों ओर 19 पार्किंग बे का निर्माण। | 110.00 | अगस्त-21 |
| 35 | राजस्थान | जयपुर | जयपुर हवाईअड्डे पर टैंगो टैक्सी से नाले तक समानांतर टैक्सी ट्रैक का निर्माण। | 30.90 | अगस्त-21 |
| 36 | नागालैंड | दीमापुर | दीमापुर हवाईअड्डे पर लिंक टैक्सीवे के साथ आइसोलेशन बे के निर्माण के लिए रनवे, टैक्सीवे और एप्रन का सुदृढ़ीकरण। | 43.22 | अगस्त-21 |
| 37 | तमिलनाडु | चेन्नई | मुख्य रनवे 07/25 के लिए 2 रैपिड एग्जिट टैक्सीवे (आरईटी) का निर्माण और चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, चेन्नई में कोड ई विमान के लिए उपयुक्त समानांतर टैक्सीट्रैक के रूप में बी टैक्सीवे का सुदृढ़ीकरण। | 97.60 | अगस्त-21 |
| 38 | तमिलनाडु | कोयंबटूर | कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर श्रेणी सी टाइप के 5 विमानों की पार्किंग के लिए अतिरिक्त एप्रन का निर्माण और 2 एटीआर टाइप के लिए एप्रन का विस्तार। | 29.93 | अगस्त-21 |
| 39 | त्रिपुरा | अगरतला | एएआई स्टाफ के लिए आवासीय मकानों का निर्माण। | 19.12 | सितंबर-21 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 | राजस्थान | जयपुर | अंतर्राष्ट्रीय प्रचालन, जयपुर के लिए पुराने टर्मिनल (टी-01) भवन का नवीनीकरण, रेट्रोफिल और नवीनीकरण | 44.03 | अक्टूबर-21 |
| 41 | उत्तर प्रदेश | हिंडन | डिजाइन और निर्माण के आधार पर- हिंडन में पूर्व-इंजीनियर्ड हवाईअड्डा टर्मिनल भवन का निर्माण और संबंधित कार्य। | 46.76 | अक्टूबर-21 |
| 42 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू | रनवे 1300 फीट तक विस्तार<br>आरसीसी बाउंड्री वॉल का निर्माण और संबद्ध सुरक्षा और सुरक्षा अवसंरचना कार्य | 77.00 | अक्टूबर-21 |
| 43 | मध्य प्रदेश | खजुराहो | खजुराहो हवाईअड्डे पर नए एटीसी टावर और टेक्निकल ब्लॉक का निर्माण | 18.27 | अक्टूबर-21 |
| 44 | तमिलनाडु | त्रिची | मौजूदा रनवे 09-27 की री-सरफेसिंग और त्रिची अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, त्रिची में संबंधित कार्य। | 29.81 | नवंबर-21 |
| 45 | राजस्थान | जोधपुर | नए एप्रन और लिंक टैक्सी का निर्माण | 21.64 | दिसंबर-21 |
| 46 | मध्य प्रदेश | इंदौर | डीएबीएच हवाईअड्डा, इंदौर में 15 पार्किंग बे, समानांतर टैक्सी ट्रैक और अन्य संबंधित कार्यों का विकास। | 62.96 | दिसंबर-21 |
| 47 | त्रिपुरा | अगरतला | नए एकीकृत टर्मिनल भवन, एप्रन और टैक्सी लिंक का निर्माण। | 438.28 | दिसंबर-21 |
| 48 | झारखंड | रांची | रनवे का पुन: सतहीकरण | 26.17 | फरवरी-22 |
| 49 | मध्य प्रदेश | खजुराहो | खजुराहो हवाईअड्डे पर पेरीमीटर रोड और स्टॉर्मवॉटर ड्रेन का निर्माण रनवे के मूल पट्टी का चौड़ीकरण और ग्रेडिंग। | 33.77 | फरवरी-22 |
| 50 | पंजाब | अमृतसर | 10 कोड 4सी प्रकार के विमानों के लिए एप्रन का विस्तार।<br>अमृतसर एसएचः अतिरिक्त पार्किंग बे का निर्माण | 96.15 | मार्च-22 |
| 51 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला हवाईअड्डा पर हैंगर का निर्माण। | 34.16 | मार्च-22 |
| 52 | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा | विजयवाड़ा हवाईअड्डे पर न्यू एप्रन, लिंक टैक्सीवे का निर्माण और संबंधित कार्य। | 33.91 | मार्च-22 |
| 53 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में हवाईअड्डे का विकास | 26.14 | मार्च-22 |
| 54 | सिक्किम | पाक्योंग | माइक्रो पाइल और प्रीटेंशन एंकर के ऊपर सीमेंटेड रॉक हिल द्वारा आरई दीवार के आधार को मजबूत करना। | 43.68 | अप्रैल-22 |
| 55 | तमिलनाडु | कोयंबटूर | कोयम्बटूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर स्टाफ क्वार्टर का निर्माण और त्रिची हवाई अड्डे पर पुराने वायरलेस स्टेशन पर नए आवासीय स्टाफ क्वार्टर, सीआईएसएफ बैरक, डॉग केनेल और कम्युनिटी हॉल का निर्माण। | 48.75 | अप्रैल-22 |
| 56 | असम | सिलचर | सिविल एन्क्लेव, सिलचर हवाईअड्डे पर एप्रन का विस्तार और न्यू लिंक टैक्सीवे का निर्माण। | 21.40 | मई-22 |
| 57 | आंध्र प्रदेश | विशाखापट्टनम | टर्मिनल भवन का रैखिक विस्तार | 70.44 | मई-22 |
| 58 | तमिलनाडु | मदुरै | मदुरै हवाईअड्डे पर कोड 'सी' प्रकार के विमान और संबद्ध कार्यों के लिए मौजूदा रनवे 09/27 का पुन: सतहीकरण। | 28.39 | मई-22 |
| 59 | तमिलनाडु | त्रिची | कोयम्बटूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर स्टाफ क्वार्टर का निर्माण और त्रिची हवाई अड्डे पर पुराने वायरलेस स्टेशन पर नए आवासीय स्टाफ क्वार्टर, सीआईएसएफ बैरक, डॉग केनेल और कम्युनिटी हॉल का निर्माण। | 65.12 | मई-22 |
| 60 | ओडिशा | भुवनेश्वर | समानांतर टैक्सी ट्रैक आई/सी एप्रन का निर्माण | 138.10 | जून-22 |
| 61 | बिहार | गया | तकनीकी ब्लॉक सह नियंत्रण टावर का निर्माण। | 24.81 | जून-22 |
| 62 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | हैंगर, एप्रन और लिंक का निर्माण | 38.54 | जून-22 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 63 | आंध्र प्रदेश | कडप्पा | कोड-सी प्रकार के विमान (ए-320) के संचालन के लिए कडप्पा हवाईअड्डे पर इलैक्ट्रिकल कार्य के साथ, आइसोलेशन बे के निर्माण के साथ-साथ आइसोलेशन बे, ब्लास्ट इरोजन, आरईएसए और पेरीमीटर रोड, स्ट्रिप्स की ग्रेडिंग आदि के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा रनवे, टैक्सीवे और एप्रन का विस्तार और सुदृढ़ीकरण। | 94.44 | जून-22 |
| 64 | हैदराबाद | हैदराबाद | बेगमपेट हवाईअड्डा, हैदराबाद हॉस्टल ब्लॉक में नागर विमानन अनुसंधान संगठन परिसर का निर्माण | 48.52 | जून-22 |
| 65 | झारखंड | देवघर | देवघर हवाईअड्डे का विकास। | 401.34 | जुलाई-22 |
| 66 | महाराष्ट्र | कोल्हापुर | कोल्हापुर हवाई अड्डे पर रनवे, एप्रन और संबंधित कार्यों का विस्तार और सुदृढ़ीकरण। | 159.33 | जुलाई-22 |
| 67 | ओडिशा | भुवनेश्वर | नए नियंत्रण टॉवर और तकनीक ब्लॉक और संबद्ध कार्यों का निर्माण। | 40.50 | जुलाई-22 |
| 68 | तमिलनाडु | चेन्नई | चेन्नई हवाईअड्डे पर कार पार्क का विलोपन। | 250.00 | जुलाई-22 |
| 69 | तमिलनाडु | त्रिची | तिरुचिरापल्ली (त्रिची) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री टर्मिनल भवन और एयरसाइड सुविधाओं का स्तरोन्नयन। एसएचः एप्रन, संबद्ध टैक्सीवे, आइसोलेशन बे, जीएसई क्षेत्र और संबद्ध कार्यों का निर्माण। (पैकेज-II)। | 44.52 | अगस्त-22 |
| 70 | आंध्र प्रदेश | तिरुपति | तिरुपति हवाईअड्डे पर कोड ई प्रकार के विमानों के लिए मौजूदा रनवे, एप्रन और आरईएसए के प्रावधान और संबंधित कार्यों के सुदृढ़ीकरण के साथ रनवे का विस्तार। | 177.10 | अगस्त-22 |
| 71 | मेघालय | शिलांग (बारापानी) | बारापानी हवाईअड्डे पर एप्रन लिंक टैक्सी ट्रैक और आइसोलेटिड बे का निर्माण। | 40.47 | अगस्त-22 |
| 72 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी | कंट्रोल टावर सह तकनीकी ब्लॉक का निर्माण। | 28.23 | सितंबर-22 |
| 73 | अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर (होलोंगी) | ईटानगर में अंतरिम टर्मिनल भवन का निर्माण। | 23.71 | सितंबर-22 |
| 74 | उत्तराखंड | देहरादून | रनवे और टैक्सीवे का सुदृढ़ीकरण, आपातकालीन निकास सड़क का निर्माण और संबंधित कार्य। | 25.80 | अक्टूबर - 22 |
| 75 | हिमाचल प्रदेश | शिमला | शिमला हवाईअड्डे पर बेसिक स्ट्रिप का जीर्णोद्धार, मिट्टी के कटाव की रोकथाम, एप्रन का विस्तार और संबंधित कार्य। | 131.96 | अक्टूबर - 22 |
| 76 | कर्नाटक | मैसूर | मैसूर हवाईअड्डे पर परिचालन क्षेत्र की वॉल टू वॉल ग्रेडिंग। | 35.34 | अक्टूबर-22 |
| 77 | कर्नाटक | हुबली | हुबली हवाईअड्डे पर 8 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड पीवी सोलर प्लांट की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रारंभ। | 64.06 | Oct-22 |
| 78 | अरुणाचल प्रदेश | होलोंगी | न्यू ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे, होलोंगी, अरुणाचल प्रदेश का निर्माण।<br>पैकेज 1: ईटानगर, होलोंगी में परिचालन क्षेत्र में रनवे, एप्रन और संबद्ध कार्यों का विकास | 457.56 | नवंबर-22 |
| 79 | पंजाब | आदमपुर | आदमपुर हवाई अड्डे पर सिविल एन्क्लेव का विकास। | 114.45 | नवंबर-22 |
| 80 | त्रिपुरा | अगरतला | अगरतला हवाई अड्डे, त्रिपुरा में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण और संबंधित कार्यों के लिए **परियोजना प्रबंधन सलाहकार की नियुक्ति।** | 17.52 | नवंबर-22 |

**II. 2019-2020 से प्रचालित ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों का विवरण**

| क्रम. सं. | राज्य | हवाईअड्डा | परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | प्रचालनीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | कलबुर्गी | 175 | नवंबर, 2019 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | ओरवाकल (कुरनूल) | 187 | मार्च, 2021 |
| 3 | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | 520 | अक्टूबर, 2021 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | कुशीनगर | 448 | नवंबर, 2021 |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | डोनी पोलो (ईटानगर) | 646 | नवंबर, 2022 |
| 6 | गोवा | मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा (मोपा) | 2840 | जनवरी, 2023 |